जनपद न्यायालय, लखनऊ।

निविदा सूचना

जनपद न्यायालय, लखनऊ में वित्तीय वर्ष 2017-18 हेतु लेखन सामग्री क्रय हेतु विभिन्न अधिकृत आपूर्तिकर्ता एवं विक्रेता फर्मों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा फार्म एवं क्रय की जाने वाली लेखन सामग्री से सम्बन्धित विवरण जनपद न्यायालय, लखनऊ के पुस्तकालय अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में रुपये 150/- का भुगतान करके दिनांक 21-03-17 से 22-03-17 तक अपरान्ह 2.00 से 4.30 बजे सांय तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदाये जमा करने की अन्तिम तिथि 24-03-16 सांय 4.30 बजे तक होगी। नियत तिथि एवं समय के उपरांत निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

निविदाये दिनांक 27-03-16 को सांय 4.30 बजे क्रय समिति द्वारा पुस्तकालय कक्ष में खोला जायेगा। निविदा के नियम एवं शर्ते माननीय उच्च न्यायालय की आफिसियल वेबसाइट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय लखनऊ की वेबसाइट www.ecourts.gov.in लखनऊ पर उपलब्ध है।

समस्त निविदा दाता अपनी निविदा के साथ धरोहर राशि रुपया 15,000/-(पनद्रह हजार रुपया मात्र) का ड्राफ्ट जनपद न्यायाधीश लखनऊ के पक्ष में जनपद न्यायालय, लखनऊ के केन्द्रीय नजारत में कैशियर के पास जमा करेगे। जो निविदा के अस्वीकृत होने की दशा में वापस कर दिया जायेगा। जिस प्रतिष्ठान की निविदा स्वीकृत होगी उसकी धरोहर धनराशि वित्तीय वर्ष 2017-18 में जमा रहेगी।

नियम एवं शर्तें निविदा फार्म पर उपलब्ध है।

Ashish Varma 08/03/17	08.3.17	8.3.17
(आशीष वर्मा)	(हरीश त्रिपाठी)	(ओ.पी. मिश्रा)
सदस्य क्रय समिति	सदस्य क्रय समिति	अध्यक्ष क्रय समिति
सिविल जज (सी.डी.) मलिहाबाद,	स्पे. जज सी.बी.आई.-02	स्पे. जज एस.सी/एस.टी. एक्ट
लखनऊ।	लखनऊ।	लखनऊ।